दिनांक–12.11.2026 को सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में तिरहुत प्रमंडल अन्तर्गत सभी प्रमंडल के छूटे हुए टोलों में किये गए कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें महत्वपूर्ण बिन्दु निम्न हैः–

Progress of Ongoing Water Supply Schemes LOT (PHED/PRD)

- लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया में कार्यों की प्रगति तथा MIS पोर्टल पर डेटा एंट्री की प्रगति धीमी पायी गयी। निदेश दिया गया कि वे अगले समीक्षा बैठक से पहले लंबित कार्यों का निष्पादन कर MIS पोर्टल पर प्रविष्टि शत–प्रतिशत अद्यतन कराना सुनिश्चित करायें। अगले 15 दिनों के बाद पुनः समीक्षा बैठक की जाएगी।

अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, बेतिया

- मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर, प्रक्षेत्र को निदेश दिया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, हाजीपुर में बोरिंग एवं मोटर पम्प के पूर्ण कार्यों की शत–प्रतिशत प्रविष्टि MIS पोर्टल पर अगली समीक्षा बैठक से पहले कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालन–मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर, प्रक्षेत्र/कार्यपालक अभियंता, हाजीपुर

Site/Land Availability Status LOT (PHED/PRD)

- लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर के मुसहरी प्रखंड में 13 योजनाओं एवं सीतामढ़ी में 16 योजनाओं में भूमि उपलब्ध नहीं है। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि संबंधित जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।
- लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, हाजीपुर के एक योजना में स्थानीय समस्या के कारण भूमि उपलब्ध नहीं है। वहाँ पर नियमानुसार योजना को ड्रॉप करने एवं वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से कार्य कराने का निदेश दिया गया।

अनुपालन–मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र/सभी अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता

Electricity Bill Dues and payment Status (PHED)

- प्रत्येक जिले में लंबित विद्युत बिलों एवं भुगतान संबंधी मामलों का सत्यापन कर नियमानुसार निष्पादन करने का निदेश दिया गया। साथ ही जिन जिलों/प्रमंडलों में सहमति पत्र लंबित है, वहाँ दिनांक–20.11.2026 तक सभी संबंधित एजेंसियों से सहमति पत्र प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

अनुपालन–मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र/सभी अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता

Electricity Consumer Mapped Summary (PHED/PRD)

- सभी योजनाओं की विद्युत उपभोक्ता मैपिंग शीघ्र पूर्ण की जाए तथा जिन योजनाओं में Consumer ID अथवा मीटर संख्या उपलब्ध नहीं होने के कारण Mapping का कार्य लंबित है वहाँ जिला स्तर पर DPRO/ संबंधित विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता के साथ समन्वय स्थापित कर उपभोक्ता संख्या प्राप्त करने का प्रयास करें तथा Mapping का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
- मुख्य अभियंता (यांत्रिक) को प्रत्येक जिलों में लंबित विद्युत कनेक्शन की जिलावार सूची तैयार करने तथा कितने आवेदन किए गए हैं, कितने उपभोक्ता नम्बर प्राप्त हुए हैं तथा कितने आवेदन लंबित है। सभी विवरण उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

अनुपालन–मुख्य अभियंता (यांत्रिक)/मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र/सभी अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता

CGRC-Grievance Pending & Disposal Status

- पेयजल संबंधित सभी लंबित शिकायतों का निराकरण 24 घंटे के अन्दर करना सुनिश्चित करें। जिन जिलों में ज्यादा शिकायतें प्राप्त हो रही है यथा–मुजफ्फरपुर, मोतीपुर एवं ढाका में मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर, प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर को विशेष रूप से शिकायत निवारण हेतु अतिरिक्त अनुरक्षण टीमों की संख्या बढ़ाने का निदेश दिया गया। साथ ही एक सप्ताह के भीतर उसका निष्पादन कराना सुनिश्चित करायें।

अनुपालन–मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र/सभी अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता

Repair team and store mapping

- जिन जिलों में मरम्मति दल की प्रविष्टि एवं मैपिंग का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है वहाँ मरम्मति दल कार्यरत रहना सुनिश्चित की जाए। साथ ही जहाँ O&M का समय समाप्त हो चुका है, वहाँ पर नई एजेंसी के माध्यम से कार्य को पूर्ण कर MIS Portal पर अद्यतन करने का निदेश दिया गया।

अनुपालन–मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र/सभी अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता

Tank Cleaning target and achievement

- जिन क्षेत्रों में टैंक क्लीनिंग में प्रगति लक्ष्य से बहुत कम है, उन्हें 15 दिन के भीतर सुधार करने तथा फोटोग्राफ्स MIS पोर्टल पर अपलोड करने का निदेश दिया गया।

अनुपालन–मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र/सभी अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता

चापाकल अधिष्ठापन

- सभी जिलों के कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि चापाकल का निर्माण प्लेटफॉर्म सहित पूर्ण कराकर ही योजना की पूर्णता को MIS पोर्टल पर अपलोड करें। साथ ही जिन योजनओं में Re-Tender की प्रक्रिया चल रही है, वहाँ निविदा संबंधी कार्रवाई शीघ्र पूर्ण कर कार्य को प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें।
- सभी जिलों के कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि बोरिंग, मोटर पम्प, पाइपलाइन, स्टेजिंग, कंट्रोल पैनल एवं ट्रायल रन की सभी लंबित अवयवों की MIS पोर्टल पर प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालन–मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र/सभी अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता

अन्यान्यः–

- लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया में छूटे हुए टोलों के कार्यों की प्रगति, CGRC पर लंबित शिकायतों का ससमय निष्पादन नहीं होने, चापाकल का अधिष्ठापन का कार्य संतोषप्रद नहीं रहने तथा विद्युत उपभोक्ता का मैपिंग MIS पोर्टल पर प्रविष्टि कम रहने के कारण मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर, प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर को कार्यपालक अभियंता, बेतिया से स्पष्टीकरण करते हुए प्रपत्र–'क' गठित कर मुख्यालय को भेजने का निदेश दिया गया।

अनुपालन–मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

12/11

(बी॰ कार्तिकेय धनजी)
सचिव

ज्ञापांक–192/सo कोo /पटना,दिनांक–12/11/26

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया, मोतिहारी, ढाका, मुजफ्फरपुर, मोतीपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, वैशाली/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी/मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/11

सचिव
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
बिहार, पटना

ज्ञापांक–192/सo कोo /पटना,दिनांक–12/11/26

प्रतिलिपिः–विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय/कार्य प्रबंधन)/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण/दक्षिण बिहार/उत्तर बिहार/रूपांकण/यांत्रिक)/अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण)/अधीक्षण अभियंता (जल गुणवत्ता) दक्षिण बिहार/आई॰टी॰मैनेजर/सभी संबंधित पदाधिकारी/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/11

सचिव
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
बिहार, पटना